# हाथो की लकीरें | By Aamir Ali

ले देख मेरे हाथों की लकीर बाबा
सुना है पल में बदल देते हो तुम तक़दीर बाबा

चर्चे तेरे सुने हैं हमने तुम हो लखदातारी
आया हूँ मैं शरण तुम्हारी आगे बढ़ो बिहारी
मैं भी तो हूँ किस्मत से फ़कीर बाबा
ले देख मेरे हाथों की लकीर बाबा

चन्दन की खुशबू सा मेहकु याद करू जब तुमको
हम भी तेरे दर्श दीवाने दर्श दिखा दो हमको
तोड़ो ये अब छुपने की ज़ंजीर बाबा
ले देख मेरे हाथों की लकीर बाबा

हैरां होती है ये दुनिया साथ मेरे तू चलता
तेरी मोरछड़ी का जादू मेरा वक़्त बदलता
मेरे इस दिल में तेरी तस्वीर बाबा
ले देख मेरे हाथों की लकीर बाबा

बन जाए गर बात मेरी तो देना ज़रा इशारा
चंदा चाकर श्याम शरण के सौभाग्य ये हमारा
रहते हो इन आँखों में बन नीर बाबा
ले देख मेरे हाथों की लकीर बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%82-by-aamir-ali/